No. CD-11012/01/2020-Coord.
Government of India
Ministry of Road Transport & Highways
(Coordination Section)
Transport Bhawan, 1, Parliament Street, New Delhi - 110001

Dated the 11th August, 2021

OFFICE MEMORANDUM

Subject: - Monthly Summary for the Cabinet for the Month of July, 2021.

A copy of the unclassified portion of the Monthly Summary (Both English & Hindi) for the Cabinet pertaining to the Ministry of Road Transport and Highways for the month of July, 2021 is enclosed herewith for information.

Prashant Kumar

(Prashant Kumar)
Section Officer(Coord)

Encl. As above

To,

1. All members of the Council of the Ministers
2. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
3. All Members of NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi. (10 spare copies)
4. Cabinet Secretary , Rashtrapati Bhavan New Delhi
5. All Secretaries to Government of India
6. Information Officer, PIB , Shastri Bhavan, New Delhi

Ministry of Road Transport and Highways

Subject: **Monthly Summary for the Cabinet for the month of July, 2021.**

1. **Award and construction of National Highways**: The Ministry has constructed 2,927 km of National Highways up to July in 2021-22 as compared to 2,657 km up to July in 2020-21. The award figure is 2,434 km during this period as compared to 2,702 km in the previous year.

2. **Toll Collection through FASTag:** With easing of lockdown in most States and increase in the movement of traffic on the Highways, the toll collection through FASTag is reaching the level recorded before the 2nd wave of Covid pandemic. The toll collection across the country through FASTag touched Rs. 103.54 crore with 63.09 lakh transactions on 01st July 2021. Electronic toll collection through FASTag is operational at 780 active toll plazas across the country.

3. **Fighting pollution and innovation towards e-vehicles:** Shri Nitin Gadkari, Hon'ble Minister for Road Transport & Highways, addressed India Global Forum 2021 on 'Climate Action; Electric mobility Now' on 1st July, 2021 . He emphasized on government priority to fight pollution and develop Indian technology and innovation towards e-vehicles. He stated that we are trying our best to convert all our construction material to greener options.

4. **Safety audits to reduce road accidents:** Shri Nitin Gadkari, Hon'ble Minister for Road Transport & Highways has stated that safety audits have been mandated at all stages of road development to reduce accidents. Inaugurating Virtual Symposium on Vehicle Crash Safety on 5th July 2021, he reminded that India and other developing countries are witnessing a very high rate of road accidents and around 1.5 lakh people are killed every year in India. He emphasized on protection and safety of motorcycle traffic, as 60% deaths are of two wheeler riders. He stressed on the importance of

training of drivers and establishment of advanced Training Institutes and Centres.

5. **Inauguration and lays foundation stone of National Highway Projects in Manipur:** Shri Nitin Gadkari, Hon'ble Minister for Road Transport & Highways inaugurated and laid foundation stone for 16 National Highway Projects on 12th July, 2021 in Manipur with an investment of Rs 4,148 crores covering total length of 298 kms. The projects will provide all weather connectivity to Manipur with the rest of the country and the neighbouring countries. This will boost agricultural, industrial and socio economic progress of the region. This will also facilitate health care and emergency service to the remotest of the areas and generate employment and self-employment opportunities.

6. **IAHE signs pact with University of New South Wales for setting up centre of excellence:** The Indian Academy of Highway Engineers (IAHE), under the Ministry, has signed an Agreement with University of New South Wales (UNSW), Australia for setting up a Centre for Advanced Transportation Technology and Systems (CATTS) at IAHE, Noida. The Agreement was signed in a virtual ceremony on 15th July, 2021. The Agreement is for capacity building, technology transfer and creation of enabling environment for establishment of CATTS in IAHE. The UNSW will also deliver a course, certified by it, on smart transport systems and modelling. It will also promote industries and startups from Australia and India in the transportation sector, including opportunities for innovation, research and development of advanced transport systems.

7. **Regulation for Vintage Motor Vehicles:** There are no rules for regulating the registration process of vehicles of heritage value. The Ministry has published an amendment to CMVR 1989, vide GSR 492 (E) dated 15th July 2021, relating to formalize the registration process of Vintage Motor Vehicles. The objective is to preserve and promote the heritage of old

vehicles in India. Vintage Motor Vehicles shall not be driven or plied on roads for regular purposes and shall not be used for any commercial purpose whatsoever.

8. **Standing Finance Committee (SFC) meetings**: In the month of July, 2021, a total 9 nos. of projects were considered by the Standing Finance Committee. The 9 projects of length 260 Km and total capital cost of Rs. 10,380 Cr. were appraised by SFC and recommended for approval.

*****

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

विषय: मंत्रिमंडल के लिए जुलाई, 2021 माह का मासिक सारांश।

1. **राष्ट्रीय राजमार्गों को सौंपना और निर्माण** : मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 में जुलाई तक 2,657 किलोमीटर की तुलना में वर्ष 2021-2022 में जुलाई तक 2,927 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया है। इस अवधि के दौरान सौंपा गया आंकड़ा 2,434 किलोमीटर है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 2,702 किमी था।

2. **फास्टैग के माध्यम से टोल संग्रह:** अधिकांश राज्यों में लॉकडाउन में ढील और राजमार्गों पर यातायात की आवाजाही में वृद्धि के साथ, फास्टैग के माध्यम से टोल संग्रह कोविड महामारी की दूसरी लहर से पहले दर्ज किए गए स्तर तक पहुंच रहा है। फास्टैग के माध्यम से देश भर में टोल संग्रह 01 जुलाई 2021 को 63.09 लाख लेनदेन के साथ 103.54 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। देश भर में 780 सक्रिय टोल प्लाजा पर फास्टैग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण किया जा रहा है।

3. **प्रदूषण से जूझना और ई-वाहनों के प्रति नवाचार**: श्री नितिन गडकरी, माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने 1 जुलाई, 2021 को कलाइमेंट एक्शन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी नाउ विषय पर इंडिया ग्लोबल फोरम 2021 को संबोधित किया। उन्होंने प्रदूषण से लड़ने और भारतीय प्रौद्योगिकी और ई-वाहनों के प्रति नवाचार विकसित करने के लिए सरकार की प्राथमिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम अपनी सभी निर्माण सामग्री को हरित विकल्पों में बदलने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

4. **सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुरक्षा ऑडिट:** श्री नितिन गडकरी, माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा है कि दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सड़क विकास के सभी चरणों में सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य कर दिए गए हैं। 5 जुलाई 2021 को वाहन दुर्घटना सुरक्षा पर वर्चुअल सिम्पोसिजम का उद्घाटन करते हुए, उन्होंने याद दिलाया कि भारत और अन्य विकासशील देशों में सड़क दुर्घटनाओं की दर बहुत अधिक है और भारत में हर साल लगभग 1.5 लाख सड़क दुर्घटनाओं में लोग मारे जाते हैं। उन्होंने मोटरसाइकिल यातायात की सुरक्षा पर जोर दिया, क्योंकि 60% मौतें दोपहिया सवारों की होती हैं। उन्होंने ड्राइवरों के प्रशिक्षण और उन्नत प्रशिक्षण संस्थानों और केंद्रों की स्थापना के महत्व पर जोर दिया।

5. **मणिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास:** श्री नितिन गडकरी, माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने 12 जुलाई, 2021 को मणिपुर में 298 किलोमीटर की कुल लंबाई को कवर करते हुए 4,148 करोड़ रुपये के निवेश से 16 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं मणिपुर को देश के बाकी हिस्सों और पड़ोसी देशों के साथ हर मौसम में संपर्कता प्रदान करेंगी। इससे क्षेत्र की कृषि, औद्योगिक और सामाजिक आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल और आपातकालीन सेवा की सुविधा भी मिलेगी और रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे।

6. **आईएएचइ ने उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए:** मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली भारतीय राष्ट्रीय अभियंता अकादमी (आयईएएचई) ने न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय (यूएनएसडब्ल्यू), ऑस्ट्रेलिया के साथ आईएएचई, नोएडा में उन्नत परिवहन प्रौद्योगिकी और प्रणाली केंद्र (सीएटीटीएस) स्थापन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते पर 15 जुलाई, 2021 को एक वर्चुअल समारोह में हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता आईएएचई में सीएटीटीएस की स्थापना के लिए क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सक्षम वातावरण के सृजन के लिए है। यूएनएसडब्ल्यू स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और मॉडलिंग पर इसके द्वारा प्रमाणित पाठ्यक्रम भी प्रदान करेगा। यह परिवहन क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया और भारत के उद्योगों और स्टार्टअप को भी बढ़ावा देगा, जिसमें उन्नत परिवहन प्रणालियों के नवाचार, अनुसंधान और विकास के अवसर शामिल हैं।

7. **विंटेज मोटर वाहनों के लिए विनियमन:** हैरिटेज वैल्यू के वाहनों की पंजीकरण प्रक्रिया को विनियमित करने के लिए कोई नियम नहीं हैं। मंत्रालय ने विंटेज मोटर वाहनों की पंजीकरण प्रक्रिया को औपचारिक रूप देने के संबंध में सा.का.नि 492 (अ) दिनांक 15 जुलाई 2021 के माध्यम से सीएमवीआर 1989 में एक संशोधन प्रकाशित किया है। इसका उद्देश्य भारत में पुराने वाहनों की विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देना है। विंटेज मोटर वाहनों को नियमित उद्देश्यों के लिए सड़कों पर नहीं चलाया जाएगा और न ही किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

8. **स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) की बैठकें:** स्थायी वित्त समिति द्वारा जुलाई, 2021 माह में कुल 9 परियोजनाओं पर विचार किया गया। एसएफसी द्वारा 260 किलोमीटर लंबाई वाली और कुल 10,380 करोड़ रुपये की पूंजी की 9 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया और अनुमोदन के लिए सिफारिश की गई।

*****